आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 12.10.2025 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल जयपुर में नये आपराधिक कानूनों के एक साल पूरा होने के उपलक्ष में आयोजित समारोह में शामिल होगें
- प्रदेश में बारां जिले के अंता विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर–अधिसूचना कल जारी होगीं
- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा –राज्य सरकार ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने और प्रसारण तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही हैं
- शिक्षा मंत्रालय ने स्कूलों से प्रवेश और परीक्षा शुल्क लेने के लिए यूपीआई अपनाने को कहा हैं

000

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कल प्रस्तावित जयपुर दौरे को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं केन्द्रीय मंत्री नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के एक साल पूरा होने के उपलक्ष में आयोजित समारोह में भाग लेने आ रहे हैं वे इस अवसर पर जेईसीसी में लगाई जा रही प्रदर्शनी का उद्‌घाटन करेंगें ये प्रदर्शनी 18 अक्टूबर तक चलेगीं इसमें नए आपराधिक कानूनों के एक साल के सकारात्मक बदलाव को दर्शाया जाएगां आज मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कार्यक्रम स्थल सीतापुरा स्थित जेईसीसी का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया और जरूरी दिशा–निर्देश दियें इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत और पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा भी मौजूद रहें मीडिया से बातचीत में पुलिस महानिदेशक ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस प्रदर्शनी को देखने की अपील कीं

....................

इस दौरान श्री शाह का 4 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग तथा 8 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगें समारोह में 'विकसित राजस्थान–2047' कार्ययोजना का विमोचन और 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के तहत रजिस्ट्रेशन का शुभारंभ भी किया जाएगां

000

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा हैं सिरोही जिले के आबूरोड में ब्रह्माकुमारीज संस्था में चल रहे वैश्विक शिखर सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक परिदृश्य में भारत बड़ा स्तम्भ बनकर उभरा है तथा उसे विश्वास के साथ देखा जा रहा हैं श्री वैष्णव ने कहा कि विश्व में हमारा जो स्वाभाविक स्थान है, उसे हासिल करने के लिए हम सबको ताकत लगानी पड़ेगीं ब्रह्माकुमारी परिवार यही सिखाता है कि सभी को देश के विकास में योगदान के लिए अपना–अपना प्रयास करते रहें

....................

चार दिन के इस सम्मेलन में कई मंत्री, जनप्रतिनिधि, उद्योग तथा फिल्म जगत् की हस्तियां और समाजसेवी भाग ले रहे हैं सम्मेलन का समापन कल होगां

000

प्रदेश के बारां जिले के अंता विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रशासन तैयारियां तेज कर दी हैं आज जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु ने मांगरोल क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कियां इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव से संबंधित अधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर पेयजल, छाया, प्रकाश और

समुचित साफ–सफाई करने के निर्देश दियें उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र में नियमित रूप से निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें ताकि मतदाताओं को किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ें गौरतलब है कि उपचुनाव के लिए अधिसूचना कल जारी होगीं नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 20 अक्टूबर रहेगीं मतदान 11 नवम्बर को और मतगणना 14 नवम्बर को होगीं

000

प्रदेश में सहकारिता के दायरे को और अधिक व्यापक बनाने के लिए सहकार सदस्यता अभियान चलाया जा हैं अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में बड़ी संख्या में नये पैक्स का गठन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर सहकारी समितियों की सदस्य संख्या में भी तेजी से इजाफा हो रहा हैं प्रदेश में जमीनी स्तर पर सहकारिता का नेटवर्क मजबूत होने से अधिक लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाओं की सुचारू पहुंच सुनिश्चित हो सकेगीं उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार की ओर से हाल ही में जारी की गई नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति में देश में सहकारिता का दायरा और बढाने पर जोर दिया गया हैं राजस्थान में लगभग 8 हजार 700 पैक्स का विशाल नेटवर्क मौजूद हैं साथ ही राज्य की पैक्सविहीन ग्राम पंचायतों में पैक्स गठन की कार्यवाही जारी हैं अब तक करीब 5 लाख नये सदस्य बनाये जा चुके हैं

000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने से लेकर प्रसारण तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही हैं कोटा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री नागर ने कहा कि मौजूदा सरकार को विरासत में जर्जर बिजली तंत्र मिला जिसे उन्होंने दुरूस्त किया हैं

...................

श्री नागर ने कहा कि नये टैरिफ में सभी विद्युत उपभोक्ताओं को उनकी श्रेणी के अनुसार विद्युत शुल्क से न्यूनतम 35 पैसे से 80 पैसे तक प्रति यूनिट की राहत दी हैं उन्होंने कहा कि डिस्कॉम के 25 वर्ष के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब ऊर्जा शुल्क में छूट दी गई हैं

000

भरतपुर के टेक्नोलॉजी पार्क में वन नेशन वन इलेक्शन विषय को लेकर युवा सम्मेलन आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा ने कहा कि बार–बार होने वाले चुनाव से समय और धन की बर्बादी होती है और विकास की गति प्रभावित होती हैं वहीं अन्य वक्ताओं ने कहा कि वन नेशन – वन इलेक्शन देश की लोकतांत्रिक प्रणाली को सुधार करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल होगीं युवा सम्मेलन में बड़ी संख्या में छात्र और युवाओं ने शिरकत कीं

000

शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्कूलों से प्रवेश और परीक्षा शुल्क लेने के लिए यूपीआई अपनाने को कहा हैं एनवीएस जैसी स्वायत्त संस्थाओं को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने स्कूलों में वित्तीय लेनदेन को सुव्यवस्थित करने के लिए यूपीआई अपनाने के लिए जोर दिया हैं डिजिटल भुगतान प्रणालियों को अपनाने से पारदर्शिता और अभिभावकों के लिए स्कूल जाए बिना भुगतान करने में सहजता होगीं मंत्रालय ने इस बात पर ज़ोर दिया नकद भुगतान से डिजिटल भुगतान में बदलाव से स्कूल प्रशासन का आधुनिकीकरण होगा और 2047 तक विकसित भारत लक्ष्य को बल मिलेगां

000

प्रदेशभर में दिन और रात के तापमान में कमी से सुबह–शाम गुलाबी सर्दी का एहसास होने लगा हैं मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार बीते 24 घंटों में कई शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआं वहीं दिन में आसमान साफ रहने से हल्की गर्मी का एहसास बना हुआ हैं राज्य के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में भी गुलाबी सर्दी का असर देखा जा रहा हैं

.................

मौसम विभाग के अनुसार पिछले दिनों हुई बारिश के बाद वातावरण में नमी और उत्तर–पूर्वी हवाओं के कारण राज्य का तापमान सामान्य से 2 से 7 डिग्री तक नीचे चल रहा हैं शुष्क मौसम के बीच रात के समय पारा गिरने से ठंड का असर साफ महसूस किया जा रहा हैं अनुमान है कि इस बार सर्दी का मौसम सामान्य से थोड़ा पहले दस्तक दे सकता हैं नवंबर–दिसंबर में मावठ और शीतलहर के दौर तेज होने के आसार हैं

000

अजमेर हाईवे पर दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए पुलिस विभाग की ओर से कल से लेन ड्राइविंग अभियान चलाया जाएगां अजमेर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से चलाये जाने वाले अभियान के तहत भारी मोटर वाहन चालकों को लेन ड्राइविंग सिस्टम की जानकारी दी जाएगीं सहायक पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि पांच दिनों तक जागरुता अभियान के बाद यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को सीज़ किया जाएगां

000

जयपुर स्थित सप्तशक्ति कमांड की ओर से आज ऑनर रन आयोजित की गई सेना के शौर्य और बलिदान की परम्परा थीम पर हुई दौड़ में जवानों और पूर्व सैनिकों ने भाग लियां कमांड परिसर स्थित स्टेडियम से शुरू हुई ये दौड़ क्वीन्स रोड और जयपुर मिलिट्री स्टेशन होते हुए स्टेडियम पर समाप्त हुई दौड़ को चीफ ऑफ़ स्टाफ, लेफ्टिनेंट जनरल एच एस वांद्रा ने रवाना कियां इस मौके पर सम्मान समारोह भी आयोजित किया गयां प्रोमो रन का मकसद भारतीय सेना के वीर सैनिकों और पूर्व सैनिकों के साहस और बलिदान को सम्मानित करना, तथा आम लोगों में फिटनेस, स्वास्थ्य और राष्ट्रभक्ति की भावना को बढ़ावा देना थां

000